प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

एमओयू

हिमाचल प्रदेश मिल्क फैडरेशन और नेशनल डेयरी डवेल्पमेंट बोर्ड के बीच आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते से प्रदेश में डेयरी विकास का नया अध्याय शुरू होगा जिससे डेयरी अवसंरचना को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मज़बूती प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है, जिससे पशु पालकों की आय में बढ़ौतरी हुई है।

लोकसभा – स्वरोजगार

केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में स्वरोजगार बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि के साथ–साथ श्रमिकों की आय में भी वृद्धि हो रही है और दिहाड़ी मजदूरों की औसत दैनिक मजदूरी बढ़कर अब 4 सौ 18 रुपये हो गई है। मनसुख मांडविया ने कहा कि नए श्रम संहिता के अनुसार न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है और सभी राज्यों को इससे अधिक मजदूरी का भुगतान करना होगा।

एलपीजी संकट

केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने देश में कथित एलपीजी संकट को लेकर कांग्रेस पार्टी पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सदन को बताया कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति के कारण संकट उत्पन्न हुआ है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस संकट पर सरकार ने विस्तृत चर्चा की है और स्थिति को स्पष्ट रूप से समझाया है, लेकिन विपक्ष सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस संकट के दौरान देश के साथ खड़े होने के बजाय, कांग्रेस इस मुद्दे पर केवल दहशत फैला रही है।

सुरेश कश्यप

केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा है कि मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान द्वारा हिमालयी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में पर्यावरणीय स्थितियों का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप द्वारा प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण नीतिगत और नियामक उपाय लागू किए गए हैं। कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

इंदु गोस्वामी

राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वमी ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से पठानकोट—मंडी फोरलेन के निर्माण कार्य में तेज़ी लाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि ये मार्ग राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसका निर्माण कार्य पूरा होने से पठानकोट—मंडी के बीच की दूरी एक सौ 71 किलोमीटर रह जाएगी। इंदु गोस्वामी ने कहा कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग के पूरा होने से कांगड़ा, चंबा, पालमपुर, डलहौजी और मंडी के पर्यटन स्थलों में आने वाले पर्यटकों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज तेज़ हवाओं के साथ बारिश जबकि अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। इस वर्षा व बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है जिससे लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े। ये बारिश व बर्फबारी फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना जताई है।